**Dainik Bhaskar, 22nd April 2022, Front Page – plus 02**

सप्लाय और बेहतर होगी

# बिजली कंपनी के लिए एआई और मशीन लर्निंग टूल्स में मदद देगा IIT

इंदौर | आईआईटी इंदौर बिजली कंपनी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग टूल्स उपलब्ध कराएगा। इससे बिजली कंपनी के उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा और सप्लाय मिलेगी। इसे लेकर आईआईटी की डॉ. तृप्ति जैन के नेतृत्व में दो सदस्यीय दल ने बिजली वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड मुख्यालय में स्मार्ट मीटर का हाईटेक कंट्रोल सेंटर देखा। अधीक्षण यंत्री डीएस चौहान ने प्रेजेंटेशन से बताया कि किस तरह उपभोक्ताओं का एक-एक डाटा कंपनी के पास मौजूद है और इसकी निरंतर मॉनिटरिंग होती है। अब इस डाटा का उपयोग आईआईटी की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा उपयोग करेगी।